पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 03 जुलाई 2024

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

अभाविप प्रतिनिधिमंडल ने कृषि शिक्षा के संबंध में केन्द्रीय कृषि मंत्री को ज्ञापन दिया।

देश में खोले जाएं नए कृषि शिक्षा संस्थान: अभाविप।

आज दिल्ली में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल नेतृत्वित एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन देकर कृषि शिक्षा में सुधार संबंधी विभिन्न माँगें जैसे नए शैक्षणिक संस्थान खोलने, वर्तमान के विभिन्न कृषि शिक्षा संस्थानों के बुनियादी ढांचे में सुधार, कृषि शिक्षा के मानकों में सुधार आदि रखीं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिवराज सिंह चौहान के समक्ष कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए शीघ्रता से प्रयास, कृषि विषय की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप अवसरों के सृजन, कृषि उच्च शिक्षा के मानकों में एकरूपता, कृषि उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करने जैसे बिंदु रखे हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि देश का कृषि क्षेत्र बड़ी आबादी की आजीविका का साधन है। देश में कृषि शिक्षा में शीघ्रता से सुधार, कृषि शिक्षा के लिए सभी राज्यों में उच्च गुणवत्तायुक्त शैक्षणिक संस्थानों का निर्माण जैसे विभिन्न प्रयासों की आवश्यकताओं से विद्यार्थी परिषद ने केन्द्रीय कृषि मंत्री को अवगत कराया है। विद्यार्थी परिषद आशा करती है कि भारत सरकार तथा राज्य सरकारें कृषि शिक्षा तथा कृषि से संबंधित विषयों पर शीघ्रता से सुधारात्मक प्रयास करेंगी।

अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कृषि एवं इससे संबंधित उप-क्षेत्रों जैसे बागवानी, डेयरी प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रौद्योगिकी, मत्स्य पालन, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि इंजीनियरिंग, रेशम उत्पादन आदि विषयों के पाठ्यक्रम को विभिन्न मातृभाषा में अनुवाद करने हेतु विषय विशेषज्ञों की समितियों को त्वरित गठन करने की आवश्यकता है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को मिले प्रतिनिधिमंडल में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय मंत्री वीरेन्द्र सोलंकी, राहुल राणा, बुद्धदेव बाघ, शिवांगी खरवाल, शालिनी वर्मा, अंकित शुक्ल, श्रवण बी राज, एग्रीविजन के राष्ट्रीय संयोजक शुभम पटेल, अभाविप दिल्ली प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री तथा दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष तुषार डेढ़ा उपस्थित रहे।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगम्बर पवार द्वारा जारी की गई है।)